
तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

13 ईवास वुडलैंड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ...

14 भाषा विज्ञान के विकास में गणित...


**अतिशीघ्र आवश्यकता है**
20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिशियन, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़
भर्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023
पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़
मोबाइल:-76972-12782

# बदली ने फिर बढ़ाई किसानों की चिंता, कैप कवर से ढंका गया समितियों में धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो हफ्ते तक राहत देने के बाद एक बार फिर से शनिवार को सुबह से ही छाई बदली ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्योंकि, जिले के आधे किसान ही अब तक अपनी उपज बेच पाएं हैं। कटाई-मिंजाई कर खलियान में रखे धान की सुरक्षा को लेकर किसानों को फिर से मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं, उपार्जन केंद्रों में रखे धान के बोरे की छल्ली को कैप कवर से ढंका जा रहा है। जिले का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य तापमान से 6 डिग्री कम है। बता दें कि दिसंबर माह के 5 तारीख को बारिश का दौर शुरू हुआ था, जो कि पूरे सप्ताह तक रहा। इस बीच जहां सरकारी दर पर खरीदे जा रहे धान खरीदी प्रभावित रहीं। वहीं, खलियानों में रखे किसानों की उपज को भी खासा नुकसान पहुंचा था। लेकिन, इसके बाद मौसम साफ रहा और धूप खिलने से धान की कटाई ने जोर पकड़ा। अब तकरीबन सभी किसानों के धान कटाई व मिंजाई का कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन, टोकन पद्धति से धान का विक्रय किए जाने के कारण जिले के आधे पंजीकृत किसान धान बेचने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपनी उपज को खलिहानों में रखना पड़ रहा है। पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से शनिवार को सुबह से ही बदली छाई रहीं। हालांकि, शाम तक बारिश नहीं हुई। लेकिन, बारिश की संभावना को देखते हुए अपनी उपज को बचाने के लिए किसानों को एक बार फिर से परेशान होना पड़ रहा है।

## खलिहानों में रखे हुए हैं धान, सुरक्षा के लिए मशक्कत कर रहे किसान



### न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी

जिले में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। पश्चिमी विक्षोभ (पश्चिम से आ रही हवा के कारण) जिले में सुबह से बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में हवा की दिशा उत्तर पश्चिम और उत्तर पूर्व है। सर्द हवाओं के कारण भी ठंड में इजाफा हुआ है। ग्रामीण और आउटर क्षेत्रों के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी ठंड का असर ज्यादा है। शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 28 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा।

## खबर संक्षेप

### क्रिकेट मैच को लेकर युवक से मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा के मिडिल स्कूल मैदान में क्रिकेट मैच को लेकर मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी हिमांश शर्मा पिता प्रमोद 23 साल निवासी वार्ड नं 6 पिथौरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी माखन सिन्हा ने उसके साथ क्रिकेट मैच को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ट्रैक्टर की ठोकर से घायल व्यक्ति की मौत


**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से घायल हुए 44 साल के एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर क्र सीजी 06 डब्लू 6454 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर तुरेंगा रोड के पास ग्राम बावनकेरा के रहने वाले मोहम्मद शकील खान पिता जहीब खान 44 साल के बाइक को ठोकर मार दिया, जिसके चलते गंभीर चोट आने पर शकील खान को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस बाइक के पीछे बैठे कादर खान को भी चोटें आई थी। रिपोर्ट पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## रबी सीजन : कोडार के आरबीसी केनाल से मिलेगा पानी

# रबी सीजन के लिए छूटेगी कोडार की धार, केशवा बांध में पानी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोडार जलाशय में पर्याप्त पानी का भराव रहने के बाद इस बार भी रबी फसल के लिए पानी दिया जाना संभव हो पाएगा। हालांकि, इसका निर्णय जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक के बाद लिया जाएगा। लेकिन, इस बार आरबीसी केनाल से पानी दिया जाना तय माना जा रहा है, जिससे करीब सात गांव के खेतों के लिए रबी सीजन में पानी दिया जाएगा। इन गांवों के करीब 1200 हेक्टेयर में सिंचाई की जा सकेगी। जबकि, जलभराव कम होने के कारण केशवा जलाशय से पानी देना संभव नहीं हो पाएगा।



कृषि प्रधान जिले में बहुत कम एरिया सिंचित है, जहां किसान गर्मी में भी फसल लगाते है। पिछले वर्षों से जलाशयों से ग्रीष्मकालीन फसल लगाने हर साल पानी मिलते आया है, लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव होने और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ जिले में ग्रीष्मकालीन फसल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि पूर्ववर्ती सरकार की घोषणा अनुरूप पिछले कुछ सालों से रबी फसल के लिए कोडार जलाशय से पानी मिलने को लेकर किसान इस बार भी आश्वस्त हैं। यहीं वजह है कि जलाशय से पानी मिलने की आस में तुमगांव क्षेत्र के करीब सात गांवों में फसल लगाने किसी ने रूचि नहीं ली। यदि रबी सीजन में कोडार से पानी छोड़ा जाता है, तो इस बार आरबीसी से पानी दिया जाएगा, जिससे कौंआझर, पिरदा, मालीडीह, तुमगांव, बेंद्रीडीह, भोरिंग, खैरझिटी के किसानों को पानी दिया जाएगा।

### कोडार में 21 फीट पानी का भराव

शहीद वीरनारायण जलाशय कोडार में फिलहाल 21.1 फीट जलभराव है, जो कुल भराव का 51 फीसदी है। इसमें 6-7 फीट निस्तारी के लिए सुरक्षित रखा जाएगा और बाकी पानी को रबी फसल के लिए छोड़ा जा सकता है। बीते साल इसी सीजन में करीब 24 फीट पानी का भराव रहा, जिसमें एलबीसी से करीब 10 गांवों के 25 सौ हेक्टेयर के लिए रबी सीजन की फसल के पानी दिया गया था।

### 50 फीसदी से कम, इसलिए संभव नहीं

केशवा जलाशय के सब इंजीनियर श्री रिषभ ने बताया कि फिलहाल केशवा जलाशय में 20 फीट पानी है, जो कि कुल भराव क्षमता का 30 फीसदी है। जबकि, गर्मी में निस्तारी के लिए 20 फीसदी पानी सुरक्षित रखा जाएगा। इस तरह रबी फसल के लिए केशवा से पानी देना संभव नहीं हो पाएगा। वैसे भी 50 फीसदी से कम पानी रहने पर रबी सीजन के लिए पानी नहीं दिया जाता है।

# जमीन पर पटककर पुत्र की हत्या की पिता को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गुस्से में अपने ढाई माह के पुत्र को जमीन पर पटक देने से हुई मौत के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडेय ने तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली निवासी 23 वर्षीय तोषण दीवान पिता मन्नूराम को भादंसं की धारा 304 (भाग 2) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर तीन माह का कारावास पृथक से भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार अभियुक्त तोषण दीवान का विवाह सेवतीबाई दीवान के साथ हुआ था। उनसे एक पुत्र था। प्रार्थिया सेवती बाई दीवान की तबियत खराब होने पर वह अपने मायके ग्राम पंडरीपानी चली गई थी। 23 अप्रैल 2023 को अभियुक्त तोषण अपनी पत्नी सेवती बाई को लेने पंडरीपानी पहुंचा और घर चलने कहा, इस पर प्रार्थिया ने तबियत ठीक नहीं है। अभी नहीं जाउंगी कहने पर अभियुक्त ने सेवती बाई के गोद में रेख ढाई माह के बच्चे को छीनकर जमीन में पटक दिया। उसे तत्काल नुआपाड़ा ओडिशा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। शिकायत पर टुहलू पुलिस चौकी में धारा 302 का अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। कोर्ट ने इसे धारा 304 (भाग 2) का अपराध मानते हुए फैसला सुनाया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक भरत सिंह ठाकुर ने पैरवी की।

# पौने दो लाख किसानों को मिलेगा दो साल का बकाया प्रोत्साहन राशि 352 करोड़

**महासमुंद।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राष्ट्र सहित पूरे राज्य में सुशासन दिवस मनाया जा जाएगा। इस अवसर पर राज्य शासन द्वारा गत 2 वर्षों का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। जिले के एक लाख 72 हजार 366 किसानों को 352 करोड रुपए की राशि उनके खातों में सीधे अंतरित किए जाएंगे। इस अवसर पर महासमुंद कृषि उपज मंडी प्रांगण में कार्य का आयोजित किया जाएगा। सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी जीएन साहू ने बताया कि राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के दौरान उपार्जित धान की कुल मात्रा एक करोड़ 17 लाख 33 हजार 995.78 क्विंटल का प्रति क्विंटल 300 रुपए के मान से कुल राशि 352.02 करोड़ रुपए प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। नोडल अधिकारी साहू ने बताया कि किसानों को उक्त दोनों वर्षों का खरीफ विपणन वर्ष में उपार्जित धान के लिए प्रोत्साहन राशि 300 रुपए प्रति क्विंटल के मान से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के कुल 81 समिति के 122 उपार्जन केंद्रों में 59 लाख 33 हजार 761.60 क्विंटल धान उपार्जित किए गए थे, जिसका प्रोत्साहन राशि 178.01 करोड रुपए तथा वर्ष 2015-16 में कुल उपार्जित धान 58 लाख 234 क्विंटल उपार्जित धान का 174.01 करोड रुपए जारी किए जाएंगे। इस तरह जिले के कुल 1,72, 366 किसानों को कुल 352.02 करोड़ राशि दो वर्षो का धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरित किए जाएंगे।

# जमीन विवाद पर ठंडाराम यादव की हत्या की, दो को आजीवन कारावास

**सरायपाली।** चार साल पहले थाना क्षेत्र के ग्राम आंवलाचक्का में जमीन संबंधी विवाद के चलते हुए हत्याकांड के दो आरोपियों को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शोभना कोष्टा ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक आरएल पटेल से मिली जानकारी अनुसार विगत 6 जनवरी 2020 को प्रार्थिया सोना यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पति ठंडा राम यादव 4 जनवरी 2020 की रात्रि लगभग 9 बजे से अपने मोटरसाइकिल में कहीं चले गए हैं। और अब तक वापस नहीं लौटे हैं। पुलिस द्वारा गुम इंसान दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि बसंत चौहान पिता साधु राम चौहान निवासी ग्राम आंवलचाक्का एवं शीतल चौहान उर्फ काशीनाथ ने सरायपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत झारबंद नाला के किनारे स्थित एक खेत के पास ठंडा राम के सिर पर टंगिया से वार कर उसकी हत्या कर दी। साथ ही साक्ष्य छुपाने के लिए मृतक के कपड़े एवं मोटरसाइकिल को जला दिया तथा शव को भी पास के खेत में पैरा में छुपा दिया था।

पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा 302, 201, 435 के तहत अपराध कायम किया था। वही गजलाल उर्फ बाबूलाल एवं विजय यादव के विरुद्ध धारा 120 बी के तहत आरोप है कि उन्होंने 4 जनवरी 2020 के पूर्व मृतक ठंडा राम के साथ जमीन बंटवारा संबंधी विवाद के कारण अपने भाई ठंडाराम की षडयंत्रपूर्वक हत्या करवाने का सौदा बसंत चौहान के साथ 81 हजार रुपए में किया था। इस सौदे के अनुसरण में 11 हजार रुपए बसंत को दिया गया था। जिस पर बसंत ने शीतल चौहान के साथ मिलकर ठंडाराम की हत्या की। पुलिस द्वारा मामले के संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने मामले के संपूर्ण विचारण के उपरांत अभियुक्त गण बसंत एवं शीतल को दोषी पाए जाने पर उन्हें हत्या के अपराध के लिए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा अपर सत्र न्यायाधीश कोष्टा द्वारा सुनाई गई। वही गजलाल एवं विजय यादव जो घटना के बाद से लगभग 3 वर्ष 11 माह तक पुलिस अभिरक्षा में बीता चुके थे, उन्हें रिहा किया गया।

# चर्चों की आकर्षक सजावट, क्रिसमस की तैयारी जोर-शोर से

## प्रभु यीशु के जन्म का संदेश लेकर कैरोल गायन, 25 दिसंबर को ख्रीष्ट जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में क्रिसमस की तैयारियां जोर- शोर से चल रही है। क्रिसमस के लिए तैयारी जोरों से चल रही है और चर्च को दुल्हन की तरह लाइटों से सजाया जा रहा है। क्रिसमस की पूर्व संध्या यानी 24 दिसंबर को चर्चों में क्रिसमस ट्री प्रोग्राम व विशेष प्रार्थना होगी। 25 दिसंबर को ख्रीष्ट जन्मोत्सव की आराधनाएं होंगी। प्रभु यीशु के जन्म का संदेश लेकर कैरोल गायन लगभग समापन पर है। अब घरों में पकवान व केक बनाए जा रहे हैं।

दिसंबर माह के आते ही मसीह घरों में क्रिसमस की तैयारी में धूम नजर आने लगती है। कल 25 दिसंबर को क्रिसमस का त्यौहार है, जिसके लिए ईसाई समाज के द्वारा विगत माह भर पूर्व से तैयारी की जा रही थी और गांव-गांव में जाकर प्रभु यीशु की प्रार्थना कर लोगों को उनके जन्मदिन के लिए आमंत्रित भी कर रहे थे। प्रभु यीशु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शहर के समस्त गिरजा घरों को लाईटों, झालरों से सजाया गया है। वहीं रात्रि में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। क्रिसमस को लेकर तैयारी अंतिम चरणों में है। 25 दिसम्बर के दिन को समाज द्वारा बड़ा दिन के रूप में मनाया जाता है। इससे पहले 24 दिसंबर की रात्रि जागरण करते हुए यीशु मसीह के जीवनी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे, जिसमें महिला सभा, जवान सभा, सभी शामिल रहेंगे। रात्रि 12 बजते ही यीशु के जन्म उत्सव के उपलक्ष्य में केक काटकर क्रिसमस की बधाई देंगे।



### केरोल सिंगिंग के माध्यम से घर-घर पहुंचा रहे संदेश

प्रभु यीशु मसीह के संदेश को गीत, भजन के माध्यम से दिया गया। वहीं चर्च में भी विशेष प्रार्थना हो रही है। प्रत्येक गांवों में घर-घर जाकर मीसा, बाईबिल पठन, उपदेश देकर क्रिसमस के लिए आमंत्रित किया गया है। क्रिसमस के लिए चर्च का डेकोरेशन एवं चरनी बनाया जा रहा है। साथ ही विस्वासीगण अपने-अपने घरों में चरणी बनाकर यीशु के स्वागत करने की तैयारी कर रहे है। उनके जन्मदिन के अवसर पर दो घण्टे पूर्व 24 दिसम्बर की रात को विश्वासीगण चर्च में एकत्रित होंगे और विशेष प्रार्थना सभा के बाद 12 बजते ही केक काटकर प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया जाएगा।


## कंपनी का घेराव कर ड्राइवर महासंगठन ने जताया आक्रोश

# ट्रक में ब्लास्ट से चालक की मौत, मुआवजा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के चालकों ने ट्रक ब्लास्ट होने से चालक की मौत होने पर उनके परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर बीएससीपीएल कंपनी का घेराव किया। ड्राइवर महासंगठन के प्रदेशाध्यक्ष का कहना है कि कंपनी की लापरवाही के कारण रंजय की मृत्यु हुई है, इसलिए कंपनी उन्हें 41 लाख मुआवजा दे नहीं तो हम लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। वहीं प्रबंधन के अधिकारी कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि बीएससीपी एल कंपनी में रंजय कुमार साय उम्र 44 वर्ष निवासी जहानाबाद बिहार वर्ष 2008 से ड्राइवर के पद पर स्थायी रुप से कार्य कर रहे थे।



2 नवंबर को डीजल से भरी टैंक लेकर पिथौरा बीएससीपीएल कंपनी के प्लांट गए थे, जहां प्लांट इंजीनियर ने फोर मेन से ट्रक मे वेल्डिंग करने को कहा और ट्रक में डीजल भरा हुआ था। फोरमेन के वेल्डिंग करते ही ट्रक ब्लास्ट हो गया और ट्रक चालक रंजय कुमार साव बुरी तरह जख्मी हो गए. गंभीर रूप से घायल रंजय को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 09 नवंबर को उनकी मौत हो गई। इधर, कंपनी ने पिथौरा थाने मे शार्ट सर्किट से आग लगने की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### मुआवजा देने से कंपनी का इनकार

मृतक की पत्नी, दो बच्चे, एक मानसिक रुप से बीमार भाई और बूढ़े माता- पिता का सहारा उठ जाने के बाद परिवार कंपनी से 41 लाख 28 हजार का मुआवजा मांग रहे हैं। लेकिन, कंपनी देने को तैयार नहीं है। इसी मुद्दे को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने आज कंपनी का घेराव किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का कहना है कि घेराव के दौरान दोनों पक्ष सोमवार को बैठकर बातचीत करने पर सहमत हो गए हैं और पिथौरा थाने में मर्ग कायम है। आखिर घटना कैसे घटित हुई जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पथरला में धान खरीदी प्रभारी को हटाने के निर्देश

**बसना।** पिथौरा विखं अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पथरला का नोडल अधिकारी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान फड़ में धान की नमी की जांच करने पर किसान देवेंद्र के धान की नमी शासन द्वारा स्वीकृत अधिकतम 17 प्रतिशत से ज्यादा 22.3 प्रतिशत पाया गया, जिस पर नोडल अधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए खरीदी प्रभारी प्रहलाद प्रधान को निलंबित कर 3 तीन दिवस के भीतर नए प्रभारी नियुक्त करने के आदेश दिए। जैसे ही किसानों को घटना की जानकारी मिली, खरीदी केंद्र पथरला पहुंचकर इसका विरोध करते हुए खरीदी प्रभारी प्रधान को ही खरीदी प्रभारी बनाए रखने की मांग करते हुए खरीदी बंद कर दिया। बाद एसडीएम हेमंत नंदनवार मौके पर पहुंचे। किसानों ने बताया कि खरीदी प्रभारी प्रधान द्वारा शासन से निर्धारित मापदंड एवं बेहतर प्रबंधन के धान की खरीदी की जा रही है। जिस किसान का धान ज्यादा नमी पाया गया उसे खरीदी नहीं की गई है और नमी मापने वाला मशीन भी खराब था। इसके बावजूद नोडल अधिकारी द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई गलत है।

### विधायक मिश्रा का आगमन कल

**पिथौरा।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा 25 दिसम्बर सोमवार को महासमुंद जिले के प्रवास में रहेंगे। आगामी 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम छतीसगढ़ प्रदेश में किया जाएगा। इस अवसर पर सभी विकासखंड वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से राज्य कार्यालय से जुड़ेगें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कृषकों से संवाद करेंगे। साथ ही लम्बित धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण करेंगे। इस तारतम्य में जिले के सरायपाली में रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा के मुख्य अतिथि के रूप में धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा।



**पाठक सूचना**
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**

### बंग समाज की नई कार्यकारिणी का गठन, विजय पाल अध्यक्ष





**महासमुंद।** बंग उत्थान समिति महासमुंद की आवश्यक बैठक हाल ही में हुई। जिसमें बंग समाज के नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया, जो कि अगले तीन वर्षों के लिए कार्यरत रहेगी। इसमें अध्यक्ष विजय पाल, उपाध्यक्ष बीके बागची, सचिव नीतेंद्र बेनर्जी, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय बोस, सहसचिव मनोज पाल एवं कार्यकारिणी सदस्य विजय विश्वास, बरूण दास, समीर समद्दार, समीर चौधरी, संजय घोष, संजय बोस, पंकज घोष, संदीप घोष, आशीष बोस, शिवाजी बैनर्जी, अनूप चक्रवर्ती, संजीव कर्मकार, सुबीर पाल, तापस मिस्त्री, गिरीश बोस, अभिजीत बोस, विशाल दास, सुभाष बोस, सुमीत घोष, सुमीत बोस, राजा महंतो, सुधांशु वर्मा एवं अन्य सदस्यों की



उपस्थिति रही।

### राम जानकी मंदिर में मनाई गई गीता जयंती

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के रामजानकी मंदिर में अगहन महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी शुक्रवार को गीता जयंती मनाई गई। मंदिर में प्रातः भगवान कृष्णा की शाही स्नान व पूजा आरती हुई। श्रीमद्भगवद गीता की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर, सुंगधित फूलों से पूजा कर गीता का पाठ भक्तों द्वारा किया। भक्तों ने विधिविधान पूर्वक गीता का अध्ययन किया। आचार्य लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने संबोधन में बताया कि आज के दिन भगवदगीता पढ़ना और सुनना बहुत शुभ माना जाता है। भगवदगीता को 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। जिसमें ज्ञानयोग, कर्मयोग तथा भक्तियोग की विवेचना की गई है। इस अवसर पर गरिमा निषाद, उत्तरा निषाद, मासूम चंद्राकर, काजल साहू, शालिनी सालू, निषाद ने गीता संबंधित निबंध प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ आरएल साहू, डॉ केके हनुमंता, दामोदर चंद्राकर, यशवंत चंद्राकर, संतोष निषाद, भूपेंद्र चंद्राकर, तेजेश्वर साहू आदि मौजूद रहे।

# जिला भाजपा ने किया नवनिर्वाचित विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- भाजपा जिला महासमुंद की बैठक हुई, लोकसभा की तैयारी में जुटे भाजपाई



भाजपा जिला महासमुंद की बैठक 23 दिसंबर को जिला भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, बसना विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विमल चोपड़ा, महासमुंद विधानसभा के संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, संजय शर्मा सहित मंचस्थ अतिथियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया।

जिला कार्यसमिति की बैठक में नवनिर्वाचित बसना विधायक सम्पत अग्रवाल का भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शॉल फल भेंटकर सम्मान किया। बैठक में प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के साथ जिले के महासमुंद विधानसभा से योगेश्वर राजू सिन्हा और बसना विधानसभा से संपपत अग्रवाल के विधायक निर्वाचित होने से हम सभी गौरवांवित हैं।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र की ओर अग्रसर है। मोदी के दो कार्यकल में देशवासियों की आर्थिक सामाजिक दशा और दिशा में बेहतर सुधार हुआ है। पूरा देश मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है। मोदी है तो विकसित और विश्वगुरु भारत की निर्माण की कल्पना साकार होगी। प्रदेश में भाजपा की सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित जिले के नवनिर्वाचित विधायकों को सरला कोसरिया ने शुभकामनाएं दी।

जिला भाजपा की सहप्रभारी संध्या परगनिहा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों के भूपेश सरकार के कार्यकाल में पूरे प्रदेश की जनता अपने आप को छला हुआ महसूस कर रही थी, सत्ता परिवर्तन ये बता रहा है कि कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश मन में थी। पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार, घोटाले और भय आतंक चरम सीमा पर थी। भाजपा की सरकार बनते ही मोदी की दी हुई गारंटी पर तत्काल निर्णय लेकर जनहित के कार्यों को पुनः प्रारम्भ भाजपा की सरकार ने किया है। 25 दिसंबर को अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर प्रदेश के अन्नदाता किसानों के खाते में 2 साल की बोनस राशि खाता में डाला जाना प्रारंभ हो जाएगा।

बसना विधायक संपत अग्रवाल ने भाजपा सरकार बनाने और अपनी जीत का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और कार्यकर्ताओं के परिश्रम को देते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में ही देश प्रदेश का संपूर्ण विकास होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पीछले 5 साल के कार्यकाल में विकास से काफी पीछे चला गया है।

पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सफलता के पश्चात हमें अब लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटना होगा। विकसित भारत मोदी की 2 कार्यकाल का दर्पण है। पूरे देश में दूर सुदूर स्थानों तक कितना विकास हुआ है ये देखने को मिल रहा है। मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है और पीएम मोदी से देश की जनता को काफी उम्मीदें है। डॉ चोपड़ा ने महासमुन्द लोकसभा सीट को ऐतिहासिक वोट से जिताने में सभी कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने से हम सभी का मनोबल और उत्साह बढ़ा है। साथ ही हम सभी की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है।

अब भाजपा की डबल इंजन की सरकार है और प्रदेश का चौमुखी विकास सम्भव है। 18 लाख आवास निर्माण की स्वीकृति और मातृ वंदन योजना पर काम प्रारंभ हो चुका है। विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर ने भी महासमुंद विधानसभा में जीत के लिए कर्तकर्ताओं का आभार जताया। जिला बैठक का संचालन और आभार महामंत्री प्रदीप चंद्राकर और संजय शर्मा ने किया।

बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, मोती साहू, प्रेमशंकर पटेल, थानसिंग दीवान, एतराम साहू, सतपाल सिंघ पाली, कामता पटेल सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष, जिला कार्यसमिति के सभी सदस्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महामंत्री सहित सभी अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस व आबकारी विभाग अवैध शराब माफियाओं पर करे शीघ्र कार्रवाई: सुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले के गांव-गांव में अवैध रूप से बिक रही शराब पर चेतावनी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि अवैध कारोबारी अपना कारोबार अब समेट लें। क्योंकि, प्रदेश में अब गुंडागर्दी, माफियाओं, अवैध कारोबारियों को संरक्षण देने वाली सरकार नहीं रही। प्रदेश में शांति व्यवस्था कायम रखने अब सुशासन की सरकार है।

श्रीमती साहू ने पुलिस व आबकारी विभाग को आगाह करते हुए कहा कि आपकी निष्क्रियता से अवैध शराब के कारण युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में तेजी से आ रही है। महासमुंद क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। अवैध कारोबारियों को इतने बड़े पैमाने पर शराब कहां से और कैसे उपलब्ध हो रही है। साथ ही उनके द्वारा बेचे जाने पर किसी तरह की कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती, इससे पुलिस व आबकारी विभाग की मिलीभगत को इंगित करता है। उक्त अवैध शराब के कारण गांवों में अशांति का माहौल है। लड़ाई-झगड़े आम बात हो गई है। ऐसे में पुलिस व आबकारी की प्रमुख दायित्व बनता है कि वह इन अवैध गतिविधियों पर शीघ्र कार्रवाई करें। अनेक गांवों से माताओं, बहनों से शिकायत मिलती है कि कई बार शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती।



वहीं, ग्रामों में गठित महिला समूह अवैध शराब विक्रेताओं को पकड़कर पुलिस के हवाले करती हैं, तो कुछ देर बाद पुलिस की मेहरबानी से अवैध कारोबारी बाहर निकल आता है। इससे इन अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद रहते हैं। कार्रवाई करने वाली महिला समूहों में घोर निराशा तथा शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश रहता है। उक्त सभी बातों को ध्यान में रखते हुए पुलिस व आबकारी विभाग यह गांठ बांध लें, कि अब सांठगांठ, मनमानी का खेल नहीं चलेगा। भाजपा शासन में सख्त से सख्त कार्रवाई होगी तथा शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि 5 साल कांग्रेसी शासन काल में अवैध शराब का कारोबार वृहद स्तर पर पूरे जिले में मकड़ी की जाल तरह फैल गई है। कार्रवाई के अभाव में अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। अब जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन गई तो माताओं, बहनों को प्रदेश सरकार से काफी उम्मीदें हैं कि शीघ्र ही शहर से लेकर गांवों में बिक रही अवैध शराब पर शीघ्र रोक लगाया जाए। जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा को सत्ता का बागडोर सौंपा है, उस विश्वास पर खरा उतरने भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशा पर प्रशासनिक अधिकारी पानी न फेरे।

## सुशासन दिवस के रूप में कल मनाई जाएगी पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती

**महासमुंद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राज्य शासन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार 25 दिसंबर को सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुशासन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सुशासन दिवस पर गरिमामय आयोजन के लिए कलेक्टर प्रभात मलिक ने नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

सभी अनुविभागीय अधिकारी अपने अनुविभाग के नोडल अधिकारी होंगे। इसी तरह सभी जनपद सीईओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप समय पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। इसी दिन राज्य शासन द्वारा धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण भी किसानों को किया जाएगा। जिसके लिए राज्य शासन द्वारा महासमुंद विकासखंड के लिए नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पिथौरा के लिए विधायक राजेश मूणत, बसना के लिए विधायक संपत अग्रवाल एवं सरायपाली के लिए विधायक पुरंदर मिश्रा मुख्य अतिथि नियुक्त किए गए हैं। राज्य शासन से जारी आदेश के तहत 25 दिसंबर के पूर्व ग्राम पंचायतों में पूर्व से निर्मित अटल स्तंभ की साफ-सफाई, आवश्यक मरम्मत आदि किए जाने के साथ ही ग्राम एवं पंचायतों में स्वच्छता अभियान 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर एक सप्ताह नियमित संचालित किए जाने के निर्देश दिये है। सुशासन दिवस 25 दिसंबर के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्ज्वलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा तथा ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में सुबह 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ होगा। 25 दिसंबर को ही शाम को अटल संध्या का आयोजन किया जाना है, जिसमें विविध आयोजन अटल की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा का आयोजन तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल की जीवनी पर प्रदर्शिनी भी आयोजित किए जाने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने सुशासन दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध नागरिकों वा आम लोगों की विशेष सहभागिता सुनिश्चित करने कहा है।

## अपने अधिकारों के लिए सभी को जागरूक होना होगा

**अरंड (पिथौरा)।** 23 दिसंबर शुक्रवार को ग्राम बारनवापारा स्थित गोंड़वाना भवन में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन एवं पेसा अधिनियम पर आधारित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मंगतू जगत अध्यक्ष आदिवासी समाज बार परिक्षेत्र, रामगुलाल सिन्हा संस्था प्रमुख प्रेरक समिति राजिम गरियाबंद व युगल ठाकुर प्रेरक समिति सदस्य बलौदा बाजार मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों में बार सरपंच कल्पना संपतराज ठाकुर, भीखमसिंह ठाकुर, खेमराज ठाकुर, प्रदीप प्रधान, योगेश कश्यप के साथ ही वन प्रबंधन समिति सदस्यों व ग्राम प्रमुखों की भी मौजूदगी रही।

मंच संचालन संतोष कुमार मरावी ने किया। इस अवसर पर बिल्हा बिलासपुर के सुवा नर्तक दल की प्रस्तुति भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान संबोधित की कड़ी में सभा को संबोधित करते हुए सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन को लेकर विस्तृत विचार व्यक्त किया गया। जिसमें संबोधित करते संस्था प्रमुख प्रेरक समिति राजिम गरियाबंद रामगुलाल सिन्हा ने वन अधिकार अधिनियमों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक होने व अमल में लाने की बात कही। वहीं मौके पर मुख्य अतिथि मंगतू जगत ने हक-अधिकार एवं रूढ़ी-प्रथा परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने हक अधिकारों के लिए हम सबको जागरूक होना होगा इसके लिए आवश्यक है कि जहाँ कही भी क्षेत्र में हक अधिकारों को लेकर कार्यक्रम आयोजित होते हैं। वहां उपस्थित होकर हमें अपनी सहभागिता देनी चाहिए। ताकि, हम सब अपने हक अधिकारों को जान सके और इसे प्राप्त कर सके। इसके साथ ही मंचासीन सहित अन्य अतिथियों ने अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम में महिला-पुरूष की उपस्थिति रही।

## महिला समूहों ने शहर के सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था जांच कर दी ग्रेडिंग, स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनाया जा रहा शौचालय दिवस



**महासमुंद।** राज्य शहरी विकास अभिकरण, छत्तीसगढ़ के निर्देश पर राज्य के संपूर्ण निकायों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत विश्व शौचालय दिवस मनाया जा रहा है। उक्त निर्देश के तहत महासमुंद नगर पालिका द्वारा 20 नवंबर से 24 दिसंबर तक स्वच्छता शौचालय का अभियान चलाया जा रहा। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया है कि इस अभियान के तहत निकाय क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति को शामिल किया गया है। जिसमें एनयूएलएम द्वारा गठित प्रिंस स्वसहायता समूह के सदस्यों ने वार्ड 15 स्थित टाऊन हॉल के पास, बस स्टैंड स्थित तथा वार्ड 6 नयापारा स्थित सार्वजनिक शौचालयों तथा नगर के समस्त पेट्रोल पंप के शौचालयों का निरीक्षण कर शासन द्वारा जारी मानकों के आधार पर ग्रेडिंग की गई। शौचालय की ग्रेडिंग के लिए चेकलिस्ट में मुख्य रूप से प्रथम बिंदु में अवलोकन शामिल है, जिसमें समतल हवादार एवं प्रकाश युक्त शौचालय, सभी सीटों पर पानी की सप्लाई, कुंडी/सिटकिनी की व्यवस्था, पानी एवं साबुन के साथ वाश बेसिन की व्यवस्था, महिला एवं पुरुष के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार, शौचालय की सभी सीटें साफ सुथरी, शौचालय में डस्टबिन की व्यवस्था, केयरटेकर की व्यवस्था, आदि की जांच कर ग्रेडिंग की गई। इस अवसर पर प्रिंस महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों सहित स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक नीतू प्रधान, मिशन मैनेजर अभिनव दुबे मौजूद रहे।



### संकल्प यात्रा में गोद भराई कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिला बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। इसमें पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष गोपा मोती साहू एवं विभाग के कर्मचारीगण, ग्राम कांपा एवं गोपालपुर के लोग मौजूद रहे।

## बाबा गुरुघासीदास जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में संत शिरोमणी बाबा गुरु घासीदास जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम अपने नियत समय दोपहर 2 बजे से सतनाम शोभा यात्रा के रुप में कुटेला ओवरब्रिज से प्रारम्भ होकर जय स्तंभ चौक, बस स्टैंड होते हुए भंवरपुर रोड स्थित सतनाम मंगल भवन में समाप्त हुआ। तत्पश्चात मंगल भवन प्रांगण में स्थित जैतखाम में विधिवत पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने गुरुप्रसादी ग्रहण किया। जयंती समारोह में रात को जहूरिया लोक कला मंच रायपुर द्वारा पंथी गीत व नृत्य के माध्यम से संत बाबा गुरू घासीदास के जीवन चरित्र पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिसका आनंद सतनामी समाज के साधु संत, समाज के गणमान्य नागरिक, समस्त अधिकारी कर्मचारी द्वारा लिया गया। समाज में एकता,भाईचारा व गुरु बाबा के सतनाम संदेश को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। जयंती समारोह डॉ एचएल जांगड़े, मनोज रॉय, पालसिंह बंजारे, मुरलीधर बारिक, रोहित रात्रे, चंद्राम भास्कर, एनके कोसरिया, राजकुमार टंडन, टीआर धृतलहरे की अगुवाई में शांतिपूर्वक हुआ।

### निधन
### चिरंजीव चंद्राकर

**महासमुंद।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी (परसकोल रोड) निवासी 87 वर्षीय चिरंजीव चंद्राकर का शनिवार 23 दिसंबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे ऋषि, रमाकांत, सुरेश, पंकज (पीसी ब्रिक्स), मंजू, उषा चंद्राकर की मां थीं।



### घोड़ारी में मनाया गया किसान दिवस

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता के निर्देश पर राजेश कुमार साहू की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य रूप से हरिंदर शाह, विनय बंजारे, गोविंद सेन, मो. इबरान अंसारी, रामकृष्ण निषाद, रामकुमार निषाद, पवन चक्रधारी, विजेंद्र, ज्ञानेश मन्नाडे एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्बोधन विनय बंजारे व आभार प्रदर्शन राजेश साहू ने किया।

## कॉलेज छात्रों को निवेश और बचत की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्मार्ट निवेशक जागरुकता पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता जफरुद्दीन (फाइनेंशियल एजुकेशन ट्रेनर) रहे। जिन्होंने निवेश एवं बचत के बारे में विद्यार्थियों को बताया। बचत के बारे में उन्होंने बताया कि यह भविष्य में उपयोग के लिए अलग रखा गया धन है एवं निवेश किसी ऐसी चीज़ में पैसा, समय और प्रयास लगाना है, जो भविष्य में लाभ या लाभ के माध्यम से लाभांश का भुगतान करेगी। उन्होंने आधुनिक निवेश एवं परंपरागत निवेश के तरीकों को बताया। साथ ही उन्होंने आधुनिक निवेश के फायदे को बताया। बाद उन्होंने म्युचुअल फंड में निवेश करने के तरीके बताएं एवं स्टॉक एक्सचेंज बीएससी, एनएससी के बारे में बताया। स्टॉक एक्सचेंज में उन्होंने रोजगार की बहुत सारे अवसरों को बताएं। साथ ही साथ उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आप पहले छोटे-छोटे निवेश से शुरुआत करें और सीखें। उसे पूरी तरह सीखने के बाद ही बड़े निवेश करें। उन्होंने बाजार के उतार-चढ़ाव के बारे में समझाया एवं विद्यार्थियों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया। व्याख्यान देने आए जफरुद्दीन ने छात्र-छात्राओं के आशंकाओं को दूर करते हुए उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। संकाय के विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा ने बचत एवं विनियोग में अंतर एवं छात्र जीवन से ही विनियोग के महत्व को बताया। व्याख्यान कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा, सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी सोनी, मनबोध चौहान, योगेश साहू, पूजा जैन एवं वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीषा प्रधान एवं आभार प्रदर्शन परवीन करीम ने किया।

## राधेश्याम फिर बने मेशन मजदूर संघ के निर्विरोध अध्यक्ष



**महासमुंद।** मेंशन मजदूर संघ का निर्वाचन सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में हुआ। प्रत्येक 5 वर्ष के लिए संघ पदाधिकारियों का होने वाला चुनाव इस वर्ष 22 दिसंबर को हुआ जिसमें अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष राधेश्याम धीवर बेलसोंडा के अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा और एकमात्र नामांकन होने की वजह से उन्हें सदस्यों के उपस्थिति में सर्वसम्मति से लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया। चुनावी प्रक्रिया से दूर संघ के सभी प्रमुख सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर किशन साहू, धनेश निषाद, सचिव विनोद साहू, कोषाध्यक्ष अमरू साहू, सहसचिव अमरदास बघेल, संरक्षक के रूप में बढ़ौत्तम साहू, अवध साहू, सलाहकार गोपाल वर्मा, खुमान धीवर, तुलस पटेल, सभापति चोवाराम साहू सहित कार्यकारणी सदस्यों में अशोक हिरवानी, दुर्गेश सिन्हा, रंजीत ध्रुव, बेनुराम साहू, हीरालाल साहू, परस साहू, गोलू चंद्राकर, गोलू साहू, लखन निषाद, सन्तोष कुमार, लोकेश साहू, चंद्रहास साहू, ठाकुर राम पटेल, रमेश साहू, मन्नू साहू, कमलेश हिरवानी, ओमप्रकाश पटेल, शोभाराम, कांशीराम चक्रधारी, रतनू निषाद आदि का चयन सर्वसम्मति से किया गया। मेंशन मजदूर संघ के पुनः निर्वरोध अध्यक्ष बने राधेश्याम धीवर ने संघ के सभी सदस्यों का आभार धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऊन पर किये गए विश्वास वो पूरी तरह पहले की भांति मजदूर हित में समर्पित रहेंगे। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों का राजमिस्त्री, पेटी ठेकेदार, प्लम्बर संघ, बढ़ई कारपेंटर, टाइल्स कार्य से जुड़े श्रमिकों ने गुलाल लगाकर अतिशबाजी कर अभिनंदन किया। साथ ही मिष्ठान वितरण करते हुए हर्ष जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से टेकराम पटेल, प्रीतम धीवर, बालाराम साहू, सेवक विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**महासमुंद**। नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 11 की निवासी हुलसीबाई साहू जो की सिकलिन पीड़ित है। पीड़िता के शरीर में खून की कमी के कारण स्थिति खराब होती जा रही थी। मरीज को खून की आवश्यकता की जानकारी होने पर भाजयुमो जिला मंत्री व पार्षद धर्मेंद्र यादव, राजेंद्र निर्मलकर, संतराम साहू, डोमार पटेल ने मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान किया।

### बेमचा के गायत्री मंदिर में व्याख्यान कार्यक्रम

**महासमुंद**। ग्राम बेमचा के गायत्री प्रज्ञा पीठ में विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। इसमें देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के तीन स्नातक छात्राओं द्वारा व्याख्यान किया गया। इसमें प्रियंका यादव, दुर्गेश, नंदिनी एवं लक्ष्मी ने क्रमशः आहार विहार, दिनचर्या, नशा निवारण, योग एवं पूजा पाठ विषय पर व्याख्यान दिया। पश्चात गीता जयंती, पूजन एवं दीप यज्ञ संपन्न किए। कार्यक्रम शिक्षक सागर, शिक्षक ध्रुव, पूनम लता साहू, गायत्री शक्ति पीठ महासमुंद से बोध राम साहू, भूखन निषाद, पूर्णिमा साहू, ओम प्रकाश, सुकालू निषाद, राधेश्याम चंद्राकर, रविकांत चंद्राकर, चेतन, मनोज चमेली साहू, चित्ररेखा साहू, लोकेश्वरी, हेमलता, परसदा पुलिस कालोनी से पिंकी सेठ, देव कुमारी दीवान आदि उपस्थित थे। आभार हाईस्कूल के प्राचार्य पाटकर तिवारी ने जताया। संचालन संरक्षक भगत गुरुजी ने किया। यह जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी।

# ईवास वुडलैंड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया वार्षिकोत्सव, रंगारंग प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित ईवास वुडलैंड हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। अतिथियों की अगुवानी प्राचार्या एस मसीह एवं डायरेक्टर एके मसीह द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि चातुरी डिग्रीलाल नंद (विधायक) के स्थान पर उनकी प्रतिनिधि के रूप में रूकमणी पटेल (अध्यक्ष जनपद पंचायत बसना) व विशिष्ट अतिथि के रूप में हरदीप सिंह रैना (सभापति नगर पालिका), दीपांजलि संतलाल बारीक (जिला उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस महासमुंद), रजनी नायक (जनपद सदस्य), राधा अरूण नायक (जनपद सदस्य), डीआर साहू (अध्यक्ष पालक समिति), संतलाल बारीक (उपाध्यक्ष, पालक समिति) के साहू (सदस्य,पालक समिति) आदि शामिल हुए।



स्वागत एवं अतिथियों का परिचय का संचालन ममता मिश्रा व शालिनी सलूजा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना, बाईबिल पाठ एवं बच्चों द्वारा अतिथियों के स्वागत गीत के साथ शुरू की गई। कार्यक्रम का संचालन महक अग्रवाल, निधिश नंद, तमन्ना अग्रवाल, मुस्कान स्वर्णकार, आस्था प्रधान, परमेश्वर दीवान ने किया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। मनमोहक प्रस्तुति देखकर अतिथिगण एवं दर्शक प्रफुल्लित हो गए। कार्यक्रम में लगभग हर राज्य के परंपरागत नृत्य को प्रस्तुत करने का सराहनीय प्रयास बच्चों द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गुरुवंदना, गणेश वंदना, कव्वाली, सुआ, राउत नाचा, गरबा, डांडिया, कत्थक, संबलपुरी, लावनी, ड्रामा, हारर डांस प्रस्तुत किया। शिक्षाप्रद व संदेश जैसे जंगल को बचाने, सोशल मीडिया से दूर रहने, एक आदर्शवादी नागरिक बनने, माता-पिता के लिए आज्ञाकारी बनने आदि जैसे 38 मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों ने दी। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की। बच्चे भी अपने पालकों के समक्ष अपनी प्रस्तुति देने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। प्राचार्या एस मसीह ने बच्चों की कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि ईवास एक सपना है, जो मसीह परिवार ने देखा है कि जिसमें निम्न से निम्न परिवार के बच्चें भी अंग्रजी स्कूल मे पढ़ते हुए अपना भविष्य संवार सके। डा. असीम आनंद मसीह (सदस्य अर्पित शिक्षा समिति) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुषीम सिंह ने दी।

# संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों का पैरामीटर किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

108 संजीवनी एक्सप्रेस के जिला प्रबंधक महेश विशाल द्वारा अपने कर्मचारियों को संजीवनी एक्सप्रेस के सभी मेडिकल उपकरण का ट्रेनिंग देते हुए महासमुंद जिला के सभी 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों का पैरामीटर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर एंबुलेंस की सफाई मेडिकल उपकरणों की उपलब्धता और उनके गुणवत्ता की जांच की। एंबुलेंस में उपलब्ध दवाओं और उनके रखरखाव की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा एंबुलेंस कर्मियों को मरीज के साथ आत्मीय व्यवहार करते हुए प्राथमिक उपचार देने व अस्पताल ले जाने की समझाइश दी गई। संस्था द्वारा समय-समय पर एंबुलेंस और पैरामेडिकल स्टाफ की दक्षता का निरीक्षण किया जाता है, जिससे आम लोगों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन परिवहन सेवा मिल सके।



### राधा माधव आश्रम में अष्ट प्रहरी नामयज्ञ हुआ

**सरायपाली**। श्रीराधा माधव आश्रम बरडीह में 56 भोग (अष्टप्रहरी नामयज्ञ) कार्यक्रम में प्रखर अग्रवाल समाज सेवी, संस्थापक-संगम सेवा समिति अपने सहयोगियों आशीष सेन, आयुष साहू, किशन जायसवाल, अरविंद मिश्रा, तरुण गड़तिया के साथ पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान की दर्शन कर पूजा अर्चना के बाद क्षेत्रवासियों के लिए मंगलकामनाएं की। तत्पश्चात अग्रवाल द्वारा राधा माधव आश्रम बरडीह के समस्त भक्तजनों का चादर, कंबल एवं कीर्तन मंडली झारबंध, कीर्तन मण्डली अनगुल (द्वानडुबरी), कीर्तन मंडली लमकेनी, कीर्तन मंडली बरडीह गुरू रोहित प्रधान, कीर्तन मंडली बरडीह सियाराम गड़तिया, कीर्तन मंडली बरडीह कार्तिक भोई का शाल श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। प्रखर अग्रवाल द्वारा भक्तमंडली को संबोधित करते हुए कहा कि समस्त ग्रामवासियों को प्रणाम किया।

# दिव्यांग छात्रों के लिए हुई एक दिवसीय वातावरण निर्माण कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

विकासखंड स्तरीय समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय वातावरण निर्माण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय मंगल भवन बसना के सभागार में हुआ।।

कार्यक्रम में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक, दिव्यांग बच्चे, दिव्यांग बच्चों के साथी, एसएमसी सदस्य एवं उनके पालक गण सम्मिलित हुए। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय, घर और समाज में सहज और सरल वातावरण बनाना है। साथ ही उनमें आत्म-सम्मान विकसित कर आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने के लिए तैयार करना है।



कार्यशाला विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया व विकासखंड स्रोत समन्वयक ललित कुमार देवता की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन से प्रारंभ हुआ। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर वारिश कुमार द्वारा समावेशी शिक्षा के महत्व व उद्देश्य को बताया गया। साथ ही इससे संबंधित वीडियो भी उपस्थित 220 प्रतिभागियों को दिखाया गया। इसी दौरान जिला मिशन कार्यालय महासमुंद से एपीसी(आईईडी) डीएन जांगड़े का आगमन हुआ। उन्होंने वातावरण निर्माण पर मुख्य बातों को बताते हुए समस्त प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। पुनः एमटी वारिश कुमार द्वारा निःशक्तजन अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार 21 दिव्यांगता अर्थ सहित परिचय कराया गया। साथ ही दिव्यांगता के कारण और रोकथाम उपाय पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। पश्चात एमटी सालिकराम टंडन द्वारा सांकेतिक भाषा के बारे में बताते हुए सभी प्रतिभागियों को सांकेतिक भाषा में अल्फाबेट सिखाया गया। कार्यक्रम में संपूर्ण वीडियो, गतिविधि, पीडीएफ प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। कार्यशाला के समापन में बीईओ जेआर डहरिया व बीआरसीसी ललित कुमार देवता अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने वातावरण निर्माण कार्यशाला में उपस्थित छात्रों, पालकों व शिक्षकों का आत्मविश्वास बढ़ाया। कार्यशाला में संकुल समन्वयक रोहित पटेल, अनिल सिंह साव, गोवर्धन डडसेना, सुरेश प्रधान, लोकनाथ खुंटे, स्पेशल एजुकेटर अंकित कमलेश, ऑपरेटर विवेक साहू का विशेष योगदान रहा।

# विकसित भारत संकल्प पर निबंध, वाद-विवाद, चित्रकला और क्विज स्पर्धा हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में संस्था प्रमुख एसएल पाटकर के मार्गदर्शन एवं तुलेंद्र सागर व्याख्याता के संयोजन में विकसित भारत संकल्प के तहत राष्ट्रीय महत्व विषय पर विविध आयोजन किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी महेश्वरी साहू के नेतृत्व में निबंध लेखन के अंतर्गत हम बनाएंगे समर्थ भारत पर उन्नत कृषि, ऑटो मोबाइल, रसायन उद्योग, रेलवे, अक्षय ऊर्जा, खनन, जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक आदि क्षेत्रों में विकास कर शिक्षा स्वास्थ्य व रोजगार पर फोकस किए। जिसमें गेंद लाल साहू प्रथम, टिकेश्वरी चंद्राकर द्वितीय व दामिनी कहार तृतीय स्थान पर रहे।

अन्य प्रतिभागी अमित कुमार, ईश्वरी साहू, संध्या ध्रुव, दामिनी साहू, गैंदी ध्रुव, उपासना रात्रे, गोपनीय साहू रहे। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में कृषि, टेक्नोलॉजी, पर्यवरण संरक्षण, उन्नत परिवहन, उद्योग, न्याय व्यवस्था, स्वच्छ राजनीतिक, विश्व शांति, सर्वधर्म समभाव पर रंग उकेर कर समर्थ भारत बनाने के लिए अपनी भावनाओं को व्यक्त किए। जिसमें गैंद लाल साहू प्रथम, ईश्वरी साहू द्वितीय, दामिनी साहू तृतीय रहे। अन्य प्रतिभागी जानकी, मोनिका, मधु, तारिणी, चित्ररेखा, राजेश्वरी। इसी तरह मोबाइल व इंटरनेट से सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभाव पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में हेम कुमारी निषाद व वर्षा कोसरे, विपक्ष में गोपनीय साहू व उपासना रात्रे ने दोनों ने बहुत सुंदर विचार प्रस्तुत किए।

केबीसी की तर्ज पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहित होकर उत्तर दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रो.त नृत्य संजना सेन एवं साथी, बस्तर की लोक नृत्य इशिका बंजारे व साथी, लोकेश्वरी व गेंद लाल ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन में महेश्वरी साहू, तारिणी कहार, गंगा बंजारे निर्णायक रहे। 22 दिसंबर को निवास रामानुजन के जन्म दिवस पर रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तारिणी कहार, विजय तिवारी व्याख्यातागण गणित विषय के महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन तुलेंद्र सागर एवं आभार प्रदर्शन एसएल पाटकर ने किया। इस अवसर पर संस्था के एसएल पाटकर, पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चंद्राकर, पीएल साहू, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, वीके तिवारी, कुंती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, संगीता चंद्राकर, आराधना साहू, सेवनदास मानिकपुरी, विनोद वर्मा, पूर्णिमा सिन्हा, रश्मि चंद्राकर, हेमलता साहू, सुमन भारती कोसरे, पार्वती चन्द्रा, कार्यालयीन स्टाफ से शकुंतला सोनी, सुषमा सागर, रूखमणी साहू, चेष्टा राय, प्रदीप यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# आबकारी अधिकारियों एवं उपनिरीक्षकों को सौंपे गए प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

जिले में आबकारी राजस्व की सुरक्षा, उपलंभन कार्य, आबकारी अपराधों के नियंत्रण एवं प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से सहायक जिला अधिकारियों एवं आबकारी उपनिरीक्षकों के वर्तमान प्रभार में संशोधन करते हुए आबकारी अधिकारी ने आबकारी वृत्तों, मदिरा दुकानों एवं आबकारी जांचों चौकियों से संबंधित प्रभार के कार्य संपादन के लिए आगामी आदेशपर्यंत तक आदेशित किया गया है। जिसमें निधीश कुमार कोष्ठी सहायक जिला आबकारी अधिकारी को जिला आबकारी कार्यालय महासमुंद तथा छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड जिला महासमुंद का कार्यालयीन कार्य एवं मंडल महासमुंद का प्रभार सौंपा गया है।

इसी प्रकार उत्तम बुद्ध भारद्वाज सहायक जिला आबकारी अधिकारी को मंडल सरायपाली, वृत्त सरायपाली, आबकारी जांच चौकी खम्हारपाली का प्रभार सौंपा गया है। सविता रानी मेश्राम सहायक जिला आबकारी अधिकारी को आबकारी नियंत्रण कक्ष महासमुंद, वृत्त बागबाहरा, आबकारी जांच चौकी टेमरी के कार्य का प्रभार दिया गया है। इसी तरह दरस राम सोनी आबकारी उप निरीक्षक को वित्त महासमुंद ग्रामीण एवं शहर, हृदय कुमार तिरपुड़े आबकारी उप निरीक्षक को वित्त महासमुंद आंतरिक, देशी मदिरा भंडारण, भांडागार महासमुंद, नितेश सिंह बैस आबकारी उप निरीक्षक को वृत्त बसना, अनिल कुमार झारिया आबकारी उप निरीक्षक को वृत्त संकरा एवं पिथौरा का दायित्व सौंपा गया है तथा गणेश राम यादव आबकारी उप निरीक्षक को देशी मदिरा भंडारण, भांडागर महासमुंद में संलग्न किया गया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कांपा, ग्रामीण को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कांपा पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई। मुख्य अतिथि मोती साहू भाजपा नेता एवं अध्यक्षता सरपंच संदीप चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि गोपा मोती साहू एवं चैनू राम साहू रहे। स्कूली बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजना, गरीबों, मजदूरों, किसानों एवं समस्त देशवासियों के हित के लिए चलाई जा रही है। उस योजना का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे जिसके लिए शासन के सभी विभाग इस यात्रा के माध्यम से गांव तक पहुंची है। मोदी का संकल्प है कि




भारत 2047 तक अपना आजादी का 100 वर्ष पूर्ण करेगा, तब तक भारत पूर्ण विकसित हो। इसके लिए आज हम सबको भी संकल्प लेना है कि सरकार के योजना के साथ जुड़कर अपने जीवन स्तर में सुधार लाए, जिस परिवार ने शासन के योजना से जुड़कर लाभ लिया है उसका जीवन स्तर सुधर गया है। कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिविर स्थल पर लाभार्थी हितग्राहियों ने उन्हें मिले लाभ की जानकारी मेरी कहानी मेरी जुबानी के रूप में सभी को सुनाई। इस अवसर पर सूदन निषाद, सहदेव ध्रुव, कमलेश निषाद, पुनीत राम साहू, गणेश साहू, प्रहलाद सोनी, शत्रुहन साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी जनपद पंचायत आरएन वर्मा, नारायण साहू मौजूद रहे।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

# लहंगर में सामुदायिक वन प्रबंधन और ग्रामसभा की मजबूती पर जिला स्तरीय सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम लहंगर के हाईस्कूल प्रांगण में प्रातः 10 बजे से प्रेरक समिति राजिम गरियाबंद के सहयोग से प्रेरक महासमुंद यूनिट के सभी सदस्यों द्वारा सामुदायिक वन संसाधन योजना एवं पेशा अधिनियम ग्रामसभा में मजबूतीकरण पर एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।



मुख्य अतिथि पवन पटेल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष व सहयोगी (विधायक), दीवान महापौर भोपाल, रामगुलाल सिन्हा प्रेरक समिति संस्थापक राजिम गरियाबंद, लक्ष्मण पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष, त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव जनपद उपाध्यक्ष, रमाकांत ध्रुव जनपद सदस्य, अजय मंगल सिंह ध्रुव जनपद सदस्य सिरपुर, निधि लोकेश चंद्राकर जनपद सदस्य, मीना देवदास सरपंच ग्राम पंचायत लहंगर, राधेलाल सिन्हा पूर्व सरपंच लहंगर,गौतम सिंह ध्रुव, परसराम ध्रुव, ग्राम प्रमुख व शाला समिति अध्यक्ष व साथ में 12 गांवों से आए सभी वनाधिकार समिति / प्रबंधन समिति के सदस्य व ग्राम प्रमुख शामिल हुए। कार्यक्रम में 693 लोगों ने उपस्थिति दी। पहले भारत माता की पूजा अर्चना करते हुए राजकीय गीत के माध्यम से कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का श्रीफल और गुलाल से स्वागत किया गया।

तत्पश्चात प्रेरक समिति के सारे गतिविधियों को हेमलता राजपूत द्वारा बताया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रमुख लोगों को समिति द्वारा क्या-क्या सहयोग किया जा रहा है उन पर जन संवाद किया। पवन पटेल द्वारा गांव के विकास और जनता की ताकत व जंगल से उनकी क्या भूमिका है पर बताते हुए मुख्यमंत्री की जनता के लिए घोषणा की जानकारी दी। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखें। प्रेरक समिति राजिम से पहुंचे सिन्हा द्वारा जल, जंगल की भूमिका लोगों के प्रति क्या होनी चाहिए उसके बारे में बताया गया और वन अधिकार कानून के 04 क्या-क्या मान्यता देती है उसकी पूरी जानकारी दी गई। इस मौके पर सुआ लोक नृत्य की प्रस्तुति हुई।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### मितानिनों का प्रशिक्षण

**महासमुंद।** बिरकोनी चंडी मंदिर में 22 दिसंबर से 27 दिसंबर तक 100 मितानिनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में ले जाकर जांच करवाने, लोगों को जानकारी देना, हाईरिस्क गर्भवती, बीपी शुगर जांच, गंभीर कुपोषित बच्चों, मानसिक रोगी, मोतियाबिंद ऑपरेशन से संबंधी जानकारी दी जा रही है। ब्लाक समन्वयक शांति देवांगन, एसपीएस ममता, एमटी रेखा आदि मौजूद रहे।

### उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने भरवाया फार्म

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबों के हित के लिए चलाए जा रहे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नगर पंचायत तुमगांव में हितग्राहियों से आवेदन भराया गया। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला मंत्री व तुमगांव के पार्षद धर्मेंद्र यादव, वार्ड नं 05 के पार्षद प्रतिनिधि लक्ष्मण पटेल, युवा मोर्चा नेता डोमार पटेल द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में गैस सिलेंडर से वंचित महिलाओं को उज्ज्वला योजना का फार्म भराया गया और वार्ड में भ्रमण कर आम लोगों के अनेक समस्याओं का निराकरण किया गया।

### चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पांचवें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती मनाई गई। इसमें उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बबली चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने चौधरी चरण सिंह के कार्यों को याद किया।

# भाषा विज्ञान के विकास में गणित की अहम भूमिका

## महाविद्यालय में विविध स्पर्धा हुई, विजेताओं को मेडल व शील्ड देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 22 दिसंबर को गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य डॉ ईपी चेलक रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय प्रभारी प्रो करुणा दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो मनीराम धीवर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर एवं महान गणितज्ञ स्व. निवास रामानुजन को याद करते हुए किया गया। भारत में प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को महान भारतीय गणितज्ञ निवास रामानुजन के सम्मान में उनके जन्मदिन पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन का गणित के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान है।



मुख्य अतिथि डॉ ईपी चेलक ने कहा कि यह दिवस लोगों को गणित के महत्व और क्षेत्र में हुई प्रगति एवं विकास के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। प्रो करुणा दुबे ने कहा कि गणित सभी विषयों का जन्मदाता है। दैनिक जीवन के लगभग सभी चीजों में गणित की झलक दिखाई देती है। प्रो. मनीराम धीवर ने बताया कि प्रत्येक भाषा विज्ञान के विकास में गणित की अहम भूमिका है, जो विद्यार्थी गणित में अव्वल होता है वह सभी विषयों में सर्वश्रेष्ठ होता है। तत्पश्चात गणित के प्रो गौरव कुमार सोनी ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि रामानुजन की तरह आप सभी महान गणितज्ञ बने और अपना तथा इस कॉलेज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें रंगोली, पोस्टर, क्विज तथा भाषण शामिल था। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार, मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के तौर पर प्रो नम्रता तम्बोली एवं प्रो. जीवन लाल साहू थे। यह कार्यक्रम गणित विभाग के टीचर्स और छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन गणित परिषद की उपाध्यक्ष भूमिका दुबे एवं आभार प्रदर्शन गणित विभाग की दीप्ति पटेल ने किया।

इस अवसर पर गणित विभाग की टीचर रेशमा वर्मा, गणित परिषद की अध्यक्ष पिंकी साहू, सचिव रोहित घृतलहरे, सहसचिव शुभम निषाद एवं एमएससी गणित के समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में 1 जनवरी से शुरु होने वाले महाविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए।



### राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सविता चंद्राकर ने की। बीएड विभाग अध्यक्ष मेनका चंद्राकर, सहप्राध्यापक शत्रुघ्न पटेल आदि मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के महत्व व इस दिन पर भारत के महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती के में बताया गया। इस अवसर पर राहुल पाल, नीरज ठाकुर, नीलम साहू, चारु चंद्राकर, करुणा चंद्राकर द्वारा भाषण प्रस्तुत किया गया।

# प्रधानपाठकों की बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)

संकुल केंद्र ठाकुरदियाखुर्द में समन्वयक कौतुक पटेल द्वारा प्रधान पाठकों की मासिक बैठक ली गई। बैठक में प्रमुख रूप से सभी विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करना, सभी प्राथमिक विद्यालयों में एफएलएन के लक्ष्य को प्राप्त करना, शाला स्वच्छता, कमजोर बच्चों को उपचारात्मक शिक्षण देना, नियमित रूप से सभी शिक्षकों द्वारा शिक्षक डायरी लिखना, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में चर्चा व जनवरी में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। समन्वयक पटेल ने बताया कि सत्र 23-24 के लिए सभी बच्चों के लिए प्रगति पत्रक वितरण, जाति प्रमाण, निवास प्रमाण पत्र के लिए आवेदन व आयरन फोलिक टेबलेट वितरण किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से अंतर्यामी प्रधान, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला बरेकेल खुर्द, राजेंद्र ठाकुर, रामकरण बघेल, चंद्रकांति ठाकुर, श्वेता ठाकुर, शारदा बरिहा, आरती टंडेकर, राम नारायण बरिहा, मेहत्तर सिंह देवांगन व गोपाल प्रसाद नायक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे

# बिंद्रावन में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कराते प्रशिक्षण दिया गया

**नर्रा।** बागबाहरा विखं के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शासन के महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा योजना के तहत कराते का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कराते प्रशिक्षक प्रतिभा यादव ने बताया कि इस प्रशिक्षण द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए कई प्रकार की तकनीक सिखाई जा रही है,जैसे पीछे से हमला करने पर हमलावर को कैसे जवाब देना है। बेट टच होने पर उन्हें कैसे निपटना है आदि जानकारी दी जा रही है। शाला के प्रधान पाठक गोविंद सिंह चक्रधारी ने बताया कि शाला की सभी छात्राएं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक हो रही है। इस संबंध में संस्था के शिक्षक रामप्रसाद साहू ने बताया कि छात्राएं विपरीत परिस्थितियों में भी कैसे डटकर मुकाबला किया जाना है, इस प्रशिक्षण द्वारा सीख रही है। स्वच्छता मंत्री सुमन पांडे ने बताया कि लड़कियों की सुरक्षा को लेकर माता-पिता चिंतित रहते हैं, लेकिन कराते प्रशिक्षण से उनकी चिंताएं दूर हो गई है। कराते



प्रशिक्षण का निरीक्षण संकुल समन्वय खगेश्वर प्रसाद साहनी एवं संकुल प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी द्वारा किया जाता है। संकुल समन्वयक ने बताया कि संकुल केंद्र नर्रा के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नर्रा, हायर सेकेंडरी स्कूल नर्रा में आत्मरक्षा कराते प्रशिक्षण संचालित है। प्रशिक्षण को सफल बनाने में शिक्षक गोविंद सिंह चक्रधारी, वैशाली व्यवहार, रामप्रसाद साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष केशरू पांडे, सरपंच लुभेश्वर पांडे एवं शाला के सभी छात्र-छात्राएं अपना योगदान दे रहे हैं।







